समय–सीमा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर

क्रमांक / आब. / ठेका / 2016 / 493, रायपुर, दिनांक 10.02.2016

प्रति,

**समस्त कलेक्टर्स,**
छत्तीसगढ़

विषय : **वर्ष 2016–17 के लिए देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश।**

——::0::——

राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि, आगामी वर्ष 2016–17 के लिए देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान / समूहों का निर्वतन, **छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 यथासंशोधित** (जिसे इसके पश्चात् केवल व्यवस्थापन नियम, 2002 भी कहा गया है) के अन्तर्गत **आवेदन प्रणाली** के तहत् **ऑन–लाईन के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर** किया जायेगा। शासन निर्णय अनुसार इस सम्बन्ध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के मुख्य बिन्दु एवं निर्देश निम्नानुसार हैं :–

1/ **देशी / विदेशी मदिरा दुकानों का आवेदन प्रणाली में व्यवस्थापन एवं समूह का निर्धारण** :–

(1.1) प्रत्येक जिले में स्थित देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को भौगोलिक दृष्टि से एक दूसरे से नजदीक स्थित **यथासंभव एक से अनधिक एवं अधिक से अधिक दो देशी / विदेशी मदिरा दुकानों के समूह बनाये जाकर समूहों का आबंटन उक्त नियमों के तहत् किया जायेगा**। एक ही स्थान की देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को उक्त सीमा के अध्यधीन रहते हुए एक ही समूह में रखा जाना शासकीय राजस्व एवं भौगोलिक दृष्टि से उचित होगा।

(1.2) **किसी समूह का वार्षिक राजस्व लक्ष्य रुपये 10 करोड़ से अधिक नहीं होगा**, लेकिन यदि **रुपये 10 करोड़ से अधिक** का समूह बनाना शासकीय राजस्व हित में आवश्यक हो, तो ऐसे समूह बनाने के लिए संबंधित कलेक्टर द्वारा आबकारी आयुक्त की पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

(1.3) आगामी वर्ष 2016–17 के लिए एक आवेदक / फर्म / कम्पनी को किसी भी जिले में केवल दो समूह की देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबंटन किया जा

सकता है, किन्तु किसी भी आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी) से एक जिले में एक समूह के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

(1.4) वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए आपके जिले की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन पत्र प्रणाली में व्यवस्थापन हेतु विस्तृत कार्यक्रम इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र **क्रमांक 491–492,** रायपुर **दिनांक 10.02.2016** को प्रकाशित/प्रसारित की गई विज्ञप्ति में दिये गये हैं। विज्ञप्ति की प्रतिलिपि आपको भी भेजी गई हैं। उक्त दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आबकारी आयुक्त द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिये ऑन लाईन आवेदन प्राप्त करने एवं कम्प्यूटर के माध्यम से सार्वजनिक लॉटरी द्वारा अनुज्ञापी का चयन करने के लिये नियत तिथियों की विज्ञप्ति प्रकाशित/प्रसारित की जा रही है जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों की पृथक–पृथक जिलावार देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, वार्षिक ड्यूटी की राशि, वार्षिक लायसेंस फीस की राशि, वार्षिक राजस्व, वार्षिक लायसेंस फीस का 1/12 वां भाग व वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वां भाग प्रतिभूति धनराशि एवं माह अप्रैल, 2016 की अग्रिम लायसेंस फीस की राशि आदि की जानकारी अंकित है।

उक्त विज्ञप्ति का प्रकांशन राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय प्रमुख समाचार पत्रों के साथ–साथ कलेक्टर/उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के जिला कार्यालय/अनुविभागीय अधिकारी/तहसीलदार/नगर निगम/नगर पालिका आदि के कार्यालयों के अतिरिक्त उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता एवं छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालयों के सूचना पटल पर भी सर्व–साधारण की जानकारी के लिए चस्पा की जावेगी तथा उक्त विज्ञप्ति **आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

2/ **देशी/विदेशी मदिरा (स्प्रिट/माल्ट) की ड्यूटी दरें** :–

**(क)** प्रदेश में वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा के प्रदाय हेतु देशी एवं विदेशी मदिरा (स्प्रिट एवं माल्ट) की ड्यूटी दरें निम्नानुसार रहेगी :–

| क्रमांक | मदिरा का प्रकार | वर्ष 2016–17 के लिए निर्धारित ड्यूटी दर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) | **देशी मदिरा** :–<br>मसाला 25.0 U.P.<br>प्लेन 50.0 U.P.<br>रासी 60.0 U.P. | रुपये 100/– प्रति प्रूफलीटर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (2) | **विदेशी मदिरा (स्प्रिट)** :– विदेशी मदिरा (स्प्रिट) की ड्यूटी दर की गणना वर्ष 2016–17 में विदेशी मदिरा की **लैंडिंग प्राईज प्रति पेटी** पर निम्नानुसार होगी:– | | |
| | (i) | रुपये 800/– तक | रुपये 105/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (ii) | रुपये 801/– से 1100/– तक | रुपये 120/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (iii) | रुपये 1101/– से 1600/– तक | रुपये 140/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (iv) | रुपये 1601/– से 2500/– तक | रुपये 170/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (v) | रुपये 2501/–से 4000 तक | रुपये 200/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (vi) | रुपये 4001/–से 10000 तक | रुपये 230/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (vii) | रुपये 10001/– और उससे अधिक | रुपये 250/– प्रति प्रूफ लीटर |
| (3) | **बीयर (माल्ट मदिरा)** | | रुपये 25/– प्रति बल्क लीटर |
| (4) | (क) | विदेशी मदिरा (स्प्रिट) सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों/उनकी संस्थाओं/क्लबों के लिए | रुपये 30/– प्रति प्रूफ लीटर |
| | (ख) | बीयर (माल्ट मदिरा) | रुपये 8/– प्रति बल्क लीटर |

**स्पष्टीकरण** :– 1. विदेशी मदिरा (स्प्रिट) में सम्मिलित है, व्हिस्की, ब्राण्डी, रम, जिन, वाईन, लिकर्स, कार्डियल्स, बिटर्स, मिक्चर्स तथा अन्य विनिर्मितियाँ, जो स्प्रिरिट युक्त हों।

2. माल्ट मदिरा में सम्मिलित है, बीयर, स्टाउट, एल, पोर्टर, साईडर इत्यादि।

**(क–1) न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा एवं ड्यूटी राशि का विनियोजन** :–

(1) विदेशी मदिरा स्प्रिट के लिए माहवार निर्धारित प्रत्याभूत मात्रा पर औसत ड्यूटी राशि की गणना रूपये 125/– प्रति प्रूफ लीटर के आधार पर किया गया है। औसत ड्यूटी राशि की गणना निम्नानुसार किया गया है :–

| क्र. | रेंज का नाम | लैडिंग प्राइज का स्लेब | ड्यूटी दर | मासिक प्रत्याभूत मात्रा में रेंज वाइस कुल प्रतिशत | ड्यूटी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | निम्न (चीप) | 800 तक | 105/– | 54.8% | 5754/– |
| 2 | मध्यम | 801–1100 | 120/– | 7.9% | 948/– |
| 3 | उच्च | 1101–1600 | 140/– | 22.4% | 3136/– |
| 4 | उच्चतर | 1601–2500 | 170/– | 11.8% | 2006/– |
| 5 | उच्चतम | 2501–4000 | 200/– | 2.1% | 420/– |
| 6 | प्रीमियम | 4001–10000 | 230/– | 0.7% | 161/– |
| 7 | उच्च प्रीमियम | 10001 और उससे अधिक | 250/– | 0.3% | 75/– |
| | | | | **100%** | **12500/–** |

**टीप** :– ड्यूटी स्लेब की गणना छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन के लैडिंग प्राइज पर किया जावेगा।

(2) "इस प्रकार अनुज्ञप्तिधारी द्वारा माह के लिए निर्धारित की गई संपूर्ण न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का उठान एवं निर्धारित की गई सम्पूर्ण ड्यूटी राशि उपरोक्त सारिणी अनुसार जमा किया जाना अनिवार्य होगा। परन्तु किसी भी माह के लिए विदेशी मदिरा स्प्रिट की निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा में से उपरोक्त सारिणी अनुसार जमा करने से शेष रही मात्रा के लिए स्लेबवार निर्धारित ड्यूटी दर अनुसार शास्ति के लिए अनुज्ञप्तिधारी दायी होगा।"

"परन्तु कम ड्यूटी दर वाली मदिरा की मात्रा का समायोजन अधिक ड्यूटी दर वाली मदिरा की मात्रा से, ड्यूटी की अन्तर राशि का पृथकतः भुगतान पश्चात्, किया जा सकेगा।" इसी अनुक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विदेशी मदिरा दुकानों में अधिक ड्यूटी दर वाली मदिरा की मात्रा का समायोजन, **अधिक ड्यूटी दर वाली मदिरा की निर्धारित मात्रा की जमा ड्यूटी राशि पर,** कम ड्यूटी दरों वाली मदिरा की मात्रा से आवश्यकतानुसार किया जा सकेगा।

(ख) **आबकारी कर योग्य वस्तुओं पर शुल्क (ड्यूटी) पर 10% अधिभार** :–

आबकारी शुल्क (ड्यूटी) योग्य वस्तुओं के विहित शुल्क (ड्यूटी) पर 10% अधिभार देय होगा, जिसका अंतरण ग्रामीण तथा नगरीय निकायों को जनसंख्या के अनुपात में दिया जावेगा।

(ग) **विदेशी मदिरा की बोतलों पर प्लास्टिक पारदर्शी सील टोपी (Transparent plastic sealing cap) लगाया जाना** :–

आगामी वर्ष 2016–17 के लिये वर्ष 2015–16 की भांति दिनांक 01.04.2016 से विदेशी मदिरा की बोतलों पर विनिर्माता/प्रदायकर्ता, इकाईयों का नाम मुद्रित किया हुआ प्लास्टिक पारदर्शी सील टोपी (Transparent plastic sealing cap) होलोग्राम सहित लगाना अनिवार्य किया गया है।

टीप :–सभी प्रकार के विदेश निर्मित विदेशी मदिरा, (FMFL) तथा उत्पाद जो गैर वापस वाल्व (Non returnable valve) या टेम्पर प्रूफ कैप्स में/के साथ प्रदाय किये गये हों उन पर उक्त अनिवार्यता लागू नहीं होगी।

3/ **मादक द्रव्यों की नवीन दुकानें खोलना/बंद करना** :–

राज्य में वर्ष 2015–16 में कुल 712 मदिरा दुकानें संचालित थी। राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार वर्ष 2016–17 में मदिरा दुकानों की संख्या 712 यथावत् रखे जाने का निर्णय लिया गया है :–

(3.1) **दुकाने बंद करना** :–

राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार आगामी वर्ष 2016–17 में जिला जांजगीर चांपा में ग्राम जावलपुर सांसद ग्राम होने के कारण वहां की देशी मदिरा दुकान जावलपुर को बंद किया जाना है।

(3.2) **नवीन दुकानें खोलना** :–

राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार आगामी वर्ष 2016–17 में जिला राजनांदगांव के डोगरगढ़ में दुकान विहीन क्षेत्र होने के कारण विदेशी मदिरा दुकान बेलगांव खोला जाना है।

इस प्रकार राज्य में कुल दुकानों की संख्या 712 ही रहेगी।

4/ **देशी मदिरा दुकानों की अवस्थिति :–**

(4.1) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अन्तर्गत निर्मित सामान्य प्रयुक्ति नियमों के नियम 1(1) के अन्तर्गत प्रावधानित आपत्तिजनक स्थानों पर कोई भी फुटकर मदिरा की दुकान, जहाँ पर परिसर में मदिरा के उपभोग की अनुमति हो, स्थापित नहीं की जा सकती है। अतः उक्त नियमों का पालन सुनिश्चित् किया जावे।

(4.2) जिला आबकारी सलाहकार समिति की राय पर संबंधित जिलों के कलेक्टर्स द्वारा उक्त कंडिका (4.1) के संबंध में दिए गए प्रस्ताव को दृष्टिगत रखते हुए, आगामी **वर्ष 2016–17 में दिनांक 01.04.2016** से निम्नांकित जिलों में उनके नाम के सामने दर्शित अनुसार वर्तमान वर्ष में स्थित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को उनके वर्तमान नाम के स्थान पर नवीन नाम यथा स्थान पर संचालित करने की अनुमति राज्य शासन द्वारा प्रदत्त की गई है :–

**(i) वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की अवस्थिति अर्थात् स्थल परिवर्तन/नाम परिवर्तन की सूची– परिशिष्ठ–"एक" निम्नानुसार है :–**

| क्र. | नाम जिला | वर्ष 2015–16 में दुकान का वर्तमान स्थान/नाम | | | वर्ष 2016–17 के लिए दुकान का परिवर्तित स्थान/नाम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | किस्म दुकान | | स्थान | किस्म दुकान | स्थान |
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रायपुर | 1 | विदेशी मदिरा | माना कैम्प | विदेशी मदिरा | माना बस्ती |
| 2 | दुर्ग | 1 | विदेशी मदिरा | राजेन्द्र पार्क, दुर्ग | विदेशी मदिरा | बस स्टेण्ड, दुर्ग |
| | | 2 | विदेशी मदिरा | जवाहर मार्केट, भिलाई | विदेशी मदिरा | पावर हाउस स्टेशन, भिलाई |
| | | 3 | विदेशी मदिरा | नेहरू नगर, भिलाई | विदेशी मदिरा | बायपास जी.ई रोड, भिलाई |
| | | 4 | देशी मदिरा | नेहरू नगर, भिलाई | देशी मदिरा | बायपास जी.ई रोड, भिलाई |
| | | 5 | देशी मदिरा | धमधा रोड | देशी मदिरा | शांति नगर |
| | | 6 | देशी मदिरा | 18 नं. रोड भिलाई | देशी मदिरा | बसंत विहार, भिलाई |
| | | 7 | विदेशी मदिरा | इंदिरा मार्केट दुर्ग | विदेशी मदिरा | मेन सब्जी मार्केट दुर्ग |
| 3 | बालोद | 1 | देशी मदिरा | महामाया | देशी मदिरा | अखरार |
| 4 | कबीरधाम | 1 | विदेशी मदिरा | चिल्फी | विदेशी मदिरा | रेंगाखार |
| | | 2 | विदेशी मदिरा | पण्डरिया | विदेशी मदिरा | बैरागपारा पण्डरिया |
| 5 | बिलासपुर | 1 | विदेशी मदिरा | छोटीकोनी | विदेशी मदिरा | सेंदरी |
| 6 | रायगढ़ | 1 | देशी मदिरा | बेलादुला | देशी मदिरा | बालसमुन्द रोड |
| | | 2 | देशी मदिरा | जोगीडीपा | देशी मदिरा | बड़े रामपुर |
| 7 | बस्तर | 1 | विदेशी मदिरा | सदरबाजार | विदेशी मदिरा | हिकमीपारा |

(ii) राजस्व सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर जिला–रायगढ़ द्वारा दिये गये प्रस्ताव को दृष्टिगत रखते हुए उप–योजना क्षेत्र कापू, जिला–रायगढ़ की देशी मदिरा दुकान कापू का स्वरूप परिवर्तन किया जा कर विदेशी मदिरा दुकान कापू किया जाता है।

(4.3) उपरोक्त के अतिरिक्त सामान्य प्रयुक्ति नियमों के नियम 1 के उप–नियम (1) के अन्तर्गत आपत्तिजनक स्थल में स्थापित मदिरा दुकानों को सामान्य लायसेंस शर्त क्रमांक 5 के अनुसार एक परिक्षेत्र से दूसरे परिक्षेत्र में स्थानांतरण करने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर सक्षम हैं, अतः जिले की कोई मदिरा दुकान, जहाँ पर परिसर में मदिरा उपभोग की अनुमति हो, यदि आपत्तिजनक स्थल पर है, तो ऐसी मदिरा दुकानों को नियमानुसार आपत्तिरहित स्थल पर स्थानांतरित करने की कार्यवाही जिला स्तर पर की जावे।

(4.4) जिन जिलों के प्रस्तावों में आबकारी सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों अथवा माननीय सांसद/विधायक द्वारा वर्तमान वर्ष 2016–17 में स्थित मदिरा दुकानों में से जिन मदिरा दुकानों को आपत्तिजनक स्थल पर स्थित होने अथवा अन्य कारणों से उनके वर्तमान स्थल से हटाने की मांग की गई है, उन संबंधित मदिरा दुकानों को स्थानीय नागरिकों/संस्थाओं/वार्ड पार्षदों/ग्राम पंचायतों आदि के साथ संबंधित मदिरा दुकान की स्थापना के लिए स्थल चयन हेतु समन्वय कर आगामी वर्ष 2016–17 में उनके वर्तमान स्थल से हटाकर उसी परिक्षेत्र में अन्यत्र आपत्तिरहित स्थल पर स्थापित करने की कार्यवाही जिला स्तर पर की जाये, ताकि वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान अनावश्यक रूप से ऐसी मदिरा दुकानों को हटाने आदि के संबंध में किसी प्रकार के आंदोलन आदि की स्थिति निर्मित न हो।

**(4.5) राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गो पर मदिरा दुकानों की अवस्थिति के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ 10–10/2015/वा.कर (आब.)/पांच, (38), दिनांक 01.04.2015 जारी किया गया है जो निम्नानुसार है:–**

(ग) किसी राष्ट्रीय या **राज्य राजमार्ग के मध्य बिन्दु से 100 मीटर या उससे कम दूरी पर कोई फुटकर** मदिरा दुकान स्थापित/अवस्थित नहीं होगी।

**(घ)** किसी राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग से दृश्यमान किसी भी मदिरा दुकान का प्रवेश द्वार, किसी राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग की ओर नहीं होगा, किन्तु मदिरा दुकान इस प्रकार स्थापित/अवस्थित होगी कि उसका पिछला भाग, किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग की ओर हो।

**(ड.)** किसी राष्ट्रीय भी मदिरा दुकान पर लगा हुआ साईन बोर्ड, किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग से दृश्यमान नहीं होगा।

**(च)** किसी भी मदिरा दुकान को इंगित/सूचित किए जाने वाला कोई भी साईन बोर्ड किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग से दृश्यमान नहीं होगा।

**परन्तु खण्ड (ग) के उपबंध, किसी नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचायत) की परिसीमा के भीतर स्थित किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग के खण्ड/भाग में स्थापित/अवस्थित मदिरा दुकान पर लागू नही होंगे।"**

5/ **व्यवस्थापन प्रणाली में मदिरा दुकानों/समूह का राजस्व निर्धारण** :–

आपके द्वारा दिए गए प्रस्तावों का नियमानुसार परीक्षण करने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु प्रदेश के समस्त **27 जिलों** क्रमशः (1) रायपुर, (2) दुर्ग, (3) राजनांदगांव, (4) धमतरी, (5) महासमुंद, (6) कबीरधाम, (7) बस्तर, (8) नारायणपुर, (9) उ.ब.काँकेर, (10) द.ब. दन्तेवाड़ा, (11) बीजापुर, (12) बिलासपुर, (13) कोरबा, (14) जांजगीर–चाँपा, (15) रायगढ़, (16) जशपुर, (17) सरगुजा, (18) कोरिया (19) बलौदाबाजार–भाठापारा, (20) गरियाबंद, (21) बालोद, (22) बेमेतरा, (23) कोंड़ागांव, (24) सुकमा (25) मुंगेली (26) बलरामपुर–रामानुजगंज, (27) सूरजपुर की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लिए **राजस्व को दो भागों क्रमशः 65% लायसेंस फीस के रूप में एवं शेष 35% ड्यूटी के रूप में रखा गया है** तदनुसार जिलेवार निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा व कुल वार्षिक राजस्व लक्ष्य **संलग्न परिशिष्ट–"दो" के अनुसार** निर्धारित किया जाता है। अतः आपके जिले की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लिए निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा एवं निर्धारित वार्षिक राजस्व लक्ष्य के आधार पर जिले की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के समूह के लिए ड्यूटी एवं लायसेंस फीस की राशि परिगणित की जाकर, **कंडिका 1** में दिए गए निर्देशों के अन्तर्गत समूह बनाए जावें तथा देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन आवेदन प्रणाली में सुनिश्चित किया जाये।

6/ **देशी मदिरा की उप–दुकान खोलने की सुविधा** :–

राज्य शासन द्वारा लिये निर्णय अनुसार आगामी वर्ष 2016–17 के लिए देशी मदिरा की उप–दुकान स्वीकृत नहीं की जावेंगी।

7/ **नवनिर्मित जिले में मदिरा दुकान/समूहों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया** :–

छत्तीसगढ़ राज्य में नवगठित जिलो को मिलाकर वर्तमान में कुल 27 जिले शामिल है। नवगठित जिला बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव एवं नारायणपुर में **एन. आई. सी. का मुख्यालय** नहीं होने के कारण संबंधित कलेक्टर द्वारा निम्नांकित सारिणी में दर्शित स्थान पर कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकाल कर ड्रा की कार्यवाही की जावेगी:–

| क्र. | जिला का नाम | लॉटरी द्वारा ड्रा करने का स्थान |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | बीजापुर | कलेक्टोरेट दंतेवाड़ा |
| 2 | सुकमा | कलेक्टोरेट दंतेवाड़ा |
| 3 | कोण्डागांव | कलेक्टोरेट बस्तर |
| 4 | नारायणपुर | कलेक्टोरेट बस्तर |

शेष जिले में चयन की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार घोषित तिथि/स्थान पर संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा की जावेंगी। फुटकर दुकानों के आबंटन पश्चात् अग्रिम धन जमा कराने तथा अनुज्ञप्तियॉ जारी करने आदि के समस्त कार्य जिले के कलेक्टर के अधीन जिला अधिकारी द्वारा संबंधित जिला आबकारी कार्यालय में किया जावेगा।

8/ **प्रोसेस फीस** :–

किसी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों की अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन प्रणाली में आबंटन करने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ताओं के द्वारा **ऑन–लाईन** किये जाने वाले निर्धारित आवेदन के साथ **प्रोसेस फीस रुपये 5000/– ई–पेमेंट के माध्यम से** जमा की

जावेगी। प्रोसेस फीस की राशि न तो लायसेंस फीस में समायोजन योग्य होगी और न ही यह राशि अनुज्ञप्ति स्वीकृत न होने पर वापसी योग्य होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी इस कार्यालय द्वारा जारी **विज्ञप्ति 491–492, दिनांक 10.02.2016** की कंडिका 1 (iii) में दी गई है।

9/ **<u>देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के आबंटन के लिए आवेदन पत्र</u>** :–

(9.1) इच्छुक आवेदनकर्ताओं की जानकारी हेतु वर्ष 2016–17 के लिए आवेदन प्रणाली में आबंटित की जाने वाली देशी/विदेशी मदिरा के समूह में सम्मिलित फुटकर दुकान/दुकानों की सूची, वार्षिक निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत की मात्रा, वार्षिक ड्यूटी की राशि, वार्षिक लायसेंस फीस की राशि, वार्षिक मूल्य, निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि एवं वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि के 1/12वें भाग के बराबर प्रतिभूति (सिक्यूरिटी डिपाजिट) की धनराशि एवं एक माह की अग्रिम लायसेंस फीस की राशि व समूह के लिए निर्धारित प्रोसेस फीस आदि की जानकारी समस्त कलेक्टर/उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के जिला कार्यालय/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/तहसीलदार/नगर निगम/नगर पालिका के कार्यालय एवं इसके अतिरिक्त उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता एवं छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालयों के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी, **तथा आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in पर भी उपलब्ध कराई गई है।**

(9.2) आवेदनकर्ता वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के आबंटन के लिए आवेदन पत्र **<u>परिशिष्ट–"तीन–(i)"</u>** व शपथ पत्र **<u>परिशिष्ट–"तीन–(ii)"</u>** के प्रारूप तथा अशिक्षित/अर्द्ध शिक्षित आवेदक हेतु जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष दिये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप **<u>परिशिष्ट–"तीन–(iii)"</u>** जो इस निर्देश के साथ भी प्रकाशित किए जा रहे हैं, सम्बन्धित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। इसे **आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in पर भी उपलब्ध कराया गया है,** तथा आवेदन पत्र व शपथ पत्र तथा अशिक्षित/अर्द्ध शिक्षित आवेदक हेतु जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष दिये जाने वाले शपथ पत्र निर्धारित प्रारूपों पर ही किया जा सकेगा। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज की स्केन की गई फोटो लगाई जावेगी। स्कैन की गई फोटो की साइज 20 के.बी. से 50 के. बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 144 X 144 PX (पिक्सल) का होना चाहिए।

(9.3) किसी भी इच्छुक आवेदनकर्ता के द्वारा वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के आबंटन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित किए गए आवेदन पत्र के प्रारूप पर प्रदेश के जिलों के लिए निर्धारित तिथि एवं समय तक **ऑन–लाईन** आवेदन किया जा सकता है। चयनित आवेदनकर्ता को चयन की सूचना के **दो कार्य दिवस** के भीतर विहित प्रारूप में अपने प्रमाणित फोटोग्राफ सहित पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा स्थिति में चयनित आवेदक का चयन अस्वीकृत कर दिया जावेगा :–

(i) **<u>आयु के प्रमाण के लिए</u>** – म्यूनिसिपल अथॉरिटी या रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु जिला कार्यालय द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या अंतिम स्कूल से जारी जन्म तिथि का प्रमाण

पत्र या अशिक्षित/अर्द्धशिक्षित आवेदक द्वारा जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष संलग्न प्रारूप में दिया गया शपथ पत्र या पेनकार्ड या पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस, **इनमें से किसी एक प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ सत्यापित प्रतिलिपि** भी संलग्न होना अनिवार्य है। जांच पश्चात मूल प्रति आवेदक को वापस की जावेगी।

(ii) **स्थायी निवास के प्रमाण के लिए** –मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट, राशन कार्ड, आयकर निर्धारण आदेश, ड्राईविंग लायसेंस, संबंधित राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जल, टेलीफोन, बिजली बिल, बैंक का जीवित खाता स्टेटमेंट, **इनमें से किसी एक प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ सत्यापित प्रतिलिपि** भी संलग्न होना अनिवार्य है। जांच पश्चात मूल प्रति आवेदक को वापस की जावेगी।

**(iii) आवेदक को आयकर विभाग द्वारा आबंटित पेन कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि जमा करना अनिवार्य है।**

(9.4) वर्ष 2016–17 के लिए कोई भी आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कंपनी) एक जिले में एक समूह के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

**(9.5) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन जमा करना:–**

देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह हेतु अनुज्ञप्ति स्वीकृति के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित प्रारूप में "ऑन लाइन" आवेदन पत्र निर्धारित प्रोसेस फीस (रूपये 5000/– प्रति समूह ) के साथ **"ई–पेमेंट के माध्यम से"** निर्धारित तिथि एवं समय तक निम्नानुसार जमा किये जा सकते है :–

1. राज्य के समस्त जिलों के मदिरा दुकानों/समूहों की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ऑन लाइन जमा किए जायेंगे। आवेदन पत्र **https://excise.cg.nic.in /eApplication** के वेब साईट में उपलब्ध रहेगा।

2. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने की तिथि दिनांक **12.02.2016** की प्रातः 10:30 बजे से दिनांक **25.02.2016** की संध्या 05:30 बजे तक अनवरत रहेगी।

3. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक को आवेदन में अपना पासपोर्ट साइज का फोटो संलग्न (Attach) करना अनिवार्य होगा, फोटो में आवेदक का चेहरा स्पष्टतया दर्शित होना आवश्यक है, स्केन फोटो का साइज 20 के.बी. से 50 के.बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 144 X 144 PX (पिक्सल) का होना चाहिए।

4. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली आवेदक को आवेदन में अपने PAN CARD के अग्रभाग को स्केन कर संलग्न (Attach) करना अनिवार्य होगा एवं PAN CARD के स्केन Image का साइज 40 के.बी. से 80 के.बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 300 X 150 PX (पिक्सल) का होना चाहिए ।

5. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक को आवेदन जमा करते समय प्रति समूह रूपये 5000/– की प्रोसेस फीस की राशि **ऑन लाईन फन्ड ट्रान्सफर की प्रक्रिया** के तहत जमा करना होगा। इस हेतु भारतीय स्टेट बैंक के **Payment Gateway** में उपलब्ध बैंको में संचालित खातों में से आन लाइन प्रक्रिया के तहत राशि ट्रान्सफर की जा सकेगी। प्रोसेस फीस की राशि न तो लायसेंस फीस में समायोजन योग्य होगी और न ही यह राशि अनुज्ञप्ति स्वीकृत न होने पर वापसी योग्य होगी।

इसी प्रकार इन बैकों के डेबिट कार्ड के माध्यम से भी प्रोसेस फीस की राशि जमा की जा सकेगी। ऑन लाईन फण्ड ट्रान्सफर की प्रकिया में लगने वाले शुल्क का वहन आवेदक को स्वयं करना होगा।

6. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में भारतीय स्टेट बैंक के पेमेंट गेटवे में 60 बैंक संयोजित है जो कि निम्नानुसार हैं :–

| S. No. | Bank Name | S.No. | Bank Name |
|---|---|---|---|
| 1 | ALLHABAD BANK | 31 | PUNJAB & SIND BANK |
| 2 | ANDHRA BANK | 32 | PUNJAB NATIONAL BANK (CORPORATE) |
| 3 | BANK OF BAHRAIN & KUWAIT | 33 | PUNJAB NATIONAL BANK |
| 4 | BANK OF BARODA (CORPORATE) | 34 | RATNAKAR BANK |
| 5 | BANK OF BARODA (RETAIL) | 35 | SARASWAT BANK |
| 6 | BANK OF INDIA | 36 | SHAMRAO VITHAL CO-OP BANK LTD |
| 7 | BANK OF MAHARASTRA | 37 | SOUTH INDIAN BANK LTD |
| 8 | CANARA BANK | 38 | NKGSB BANK |
| 9 | CATHOLIC SYRIAN BANK | 39 | SYNDICATE BANK |
| 10 | CENTRAL BANK OF INDIA | 40 | STATE BANK OF BIKANAR & JAIPUR |
| 11 | CITY UNION BANK | 41 | STATE BANK OF HYDERABAD |
| 12 | CORPORATION BANK | 42 | STATE BANK OF MYSORE |
| 13 | DCB Net banking | 43 | STATE BANK OF PATIALA |
| 14 | DENA BANK | 44 | STATE BANK OF TRAVANCORE |
| 15 | DEUTSCHE BANK | 45 | TNSC BANK |
| 16 | DHANALAXMI BANK | 46 | UCO BANK |
| 17 | FEDERAL BANK | 47 | UNION BANK OF INDIA |
| 18 | HDFC BANK LIMITED | 48 | UNITED BANK OF INDIA |
| 19 | IDBI BANK | 49 | VIJAYA BANK |
| 20 | INDIAN BANK | 50 | YES BANK |
| 21 | INDIAN OVERSEAS BANK | 51 | AXIS BANK |
| 22 | INDUSIND BANK | 52 | PUNJAB AND MAHARASHTRA CO-OPERATIVE BANK |
| 23 | ING VYASYA BANK | 53 | TAMILNADU MERCANTILE BANK LIMITED |
| 24 | JAMMU & KASHMIR BANK LIMITED | 54 | COSMOS BANK |
| 25 | KARNATAKA BANK | 55 | SCB Net Banking |
| 26 | KARUR VYSYA BANK LIMITED | 56 | ICICI Bank |
| 27 | KOTAK BANK | 57 | Janata Sahakari Bank |
| 28 | LAKSHMI VILAS BANK (CORPORATE) | 58 | RBS (The Royal Bank of Scotland) |
| 29 | LAKSHMI VILAS BANK (RETAIL) | 59 | IDBI CORPORATE |
| 30 | ORIENTAL BANK OF COMMERCE | 60 | DEVELOPMENT CREDIT BANK |

उपरोक्त संयोजित बैंकों के सभी शाखाओं में संचालित खातों के खातेधारकों को जिन्हें इन्टरनेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी उनके ही खातों से प्रोसेस फीस की राशि ट्रान्सफर हो सकेगी।

इस प्रकार उपरोक्त बैंकों द्वारा जारी एटीएम–कम–डेबिट कार्ड (वीसा/मास्टर कार्ड) एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी निम्न प्रकार के एटीएम–कम–डेबिट कार्ड से भी प्रोसेस फीस की राशि जमा की जा सकेगी :–

| S.No. | CARD TYPE |
|---|---|
| 1 | GOLD MAGNETIC STRIPE DEBIT CARD |
| 2 | GOLD CHIP DEBIT CARD |
| 3 | PLATINUM DEBIT CARD |
| 4 | YUVA CARD |
| 5 | VISA CARD |
| 6 | MASTER GOLD |
| 7 | MASTER PLATINUM CARD |
| 8 | VISA PLATINUM CARD |
| 9 | SILVER CARD ( VISA/MASTER CARD) |
| 10 | CLASSIC CARD ( VISA/MASTER CARD) |

7. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने हेतु प्रोसेस फीस की राशि आवेदक के खाते से ऑन लाइन ट्रान्सफर हो जावें परन्तु आवेदन की प्रकिया पूर्ण न हो सके तो ऐसी स्थिति में संबंधित आवेदक/आवेदकों के प्रोसेस फीस की राशि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के उपरान्त वापस की जावेगी।

8. (i) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक ऑन लाइन आवेदन करते समय अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रविष्टि कर किसी जिले की एकाधिक समूहों के लिए आवेदन कर सकेगा। एक साथ एकाधिक समूहों में आवेदन जमा करने की स्थिति में आवेदित समूहों की संख्या के गुणांक में प्रोसेस फीस की कुल राशि आवेदक के बैंक खाते से ऑन लाईन ट्रान्सफर हो जावेगी।

(ii) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन करते समय आवेदकों की सुविधा के लिये जिलेवार/समूहवार विस्तृत जानकारी का "लिंक" पोर्टेबल डाक्यूमेंट फार्मेट (Pdf) में उपलब्ध रहेगा।

(iii) वर्ष 2016–17 के लिये कोई भी आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी) एक जिले में एक समूह के लिये एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

9. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करते समय निर्धारित प्रोसेस फीस की राशि की अदायगी पश्चात् ही संबंधित आवेदक का आवेदन जमा माना जावेगा। तत्पश्चात् 9 अंको का रेण्डम (Random) पंजीयन नम्बर की जानकारी आवेदक के मोबाईल नंबर में लघु संदेश सेवा (SMS) द्वारा एवं E-mail ID में E-mail संदेश के द्वारा भेजा जावेगा। रेण्डम नम्बर अक्षरांकीय (ALPHA-NUMERIC) होगा।

10. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में ऑन लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय पश्चात् समस्त आवेदकों के मोबाईल नंबर में वास्तविक पंजीयन नंबर की जानकारी लघु संदेश सेवा (SMS) के द्वारा तथा E-mail ID में E-mail संदेश के द्वारा भेजा जावेगा।

**टीप :–वास्तविक पंजीयन नम्बर की जानकारी का प्रिंट आवेदक द्वारा किये गये आवेदन की प्राप्ति अभिस्वीकृति होगी।**

11. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर एवं E-mail ID की गलत प्रविष्टि की जाती है अथवा तकनीकी कारणों से यदि विभाग द्वारा प्रेषित की जाने वाली लघु संदेश सेवा (SMS) व E-mail संदेश आवेदक को संसूचित नहीं हो पाती तो विभाग की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

12. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक ऑन लाइन आवेदन जमा करने के पश्चात् अपने आवेदन का प्रिन्ट निकालकर सुरक्षित रख सकते है।

13. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने के पश्चात् भी आवेदक अपने आवेदन पत्र की विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेब साइट में जाकर PAN एवं जन्म तिथि की प्रवृष्टि कर ऑन लाइन प्राप्त कर सकते है।

14. ऑन लाइन प्रकिया के तहत आवेदन प्रणाली के अन्तर्गत देशी/विदेशी मदिरा दुकानों/समूहों के व्यवस्थापन प्रणाली के तहत चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आवेदकों को अपने आवेदन पत्र में वर्णित जानकारियों के समर्थन में मूल अभिलेखों के साथ चयन के **दो कार्य दिवस** के भीतर अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

15. आवेदकों की सुविधा के लिए विभाग के वेबसाइट में ऑन लाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया से संबंधित **सचित्र यूजर मेंनुअल** उपलब्ध कराया गया है।

16. **ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को होने वाली किसी भी असुविधा/तकनीकी असुविधा के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।**

17. **ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के तहत अपरिहार्य स्थिति में निर्धारित तिथियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार राज्य शासन के पास सुरक्षित रहेगा।**

18. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली के अन्तर्गत कोई भी आवेदक राज्य के किसी भी जिला से ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के तहत आवेदकों की सुविधा के लिए विभाग द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर में हेल्प लाईन नम्बर **0771–4287925 एवं 0771–4287928** प्रारंभ किया गया है, जिसमें इच्छुक आवेदक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

10/ <u>(अ) चयन प्रक्रिया</u> :–

(10.1) वर्ष 2016–17 के लिए किसी **देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा "कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी" निकालकर दुकान/समूहों के अनुज्ञापी (लायसेंसी) का चयन किया जावेगा। व्यवस्थापन** नियम, 2002 के नियम 10 के अनुसार यह कार्यवाही निम्नांकित समिति के समक्ष की जावेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | संबंधित जिले के कलेक्टर | अध्यक्ष |
| (ii) | संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/ सहायक आयुक्त आबकारी/ जिला आबकारी अधिकारी /पदेन, जिला आबकारी अधिकारी | सदस्य, सचिव |

(10.2) चयनित आवेदक को निम्नानुसार दर्शाई गई समय–सीमा में अग्रिम लायसेंस फीस तथा प्रतिभूति धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा :–

(i) **माह अप्रैल, 2016** की लायसेंस फीस अग्रिम के रूप में **दिनांक 27 मार्च, 2016** तक जमा करना अनिवार्य होगा। यह राशि नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/बैंक के कैश ऑर्डर के रूप में जमा की जा सकती है।

(ii) चयनित समूह के लिए निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि, नगद अथवा बैंक गारंटी के रूप में तथा वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि के 1/12वें भाग के बराबर प्रतिभूति (Security Deposit) की धनराशि नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/बैंक के कैश ऑर्डर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय **ड्यूटी राशि का 1/12वें भाग के बराबर** प्रतिभूति धनराशि आवेदक को अपने चयन की सूचना प्राप्ति के **दो कार्य दिवस** के अंदर जमा करना होगा। **वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर** प्रतिभूति धनराशि **दिनांक 30 अप्रैल, 2016** तक जमा करना अनिवार्य होगा।

(iii) उपरोक्तानुसार जमा की जाने वाली धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स

चैक अथवा बैंक के कैश ऑर्डर के रूप में अथवा नगद राशि विभाग के **"मुख्य शीर्ष 0039–राज्य उत्पादन शुल्क, 800–अन्य प्राप्तियाँ, 0761–विविध प्राप्तियाँ (देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह हेतु प्रोसस फीस)"** के मद में चालान द्वारा जमा कराई जाकर, बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक अथवा बैंक के कैश ऑर्डर अथवा चालान की मूलप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**(10.3)** किसी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालकर दुकान/समूहों के अनुज्ञापी (लायसेंसी) का चयन किया जायेगा। कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी निकालने का कार्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (N.I.C.) द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा एवं इस हेतु राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (N.I.C.) के जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्टर को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इस प्रणाली में तीन आवेदकों का चयन (प्रथम, व्दितीय एवं तृतीय) किया जायेगा।

**(10.4)** यदि प्रथम चयनित आवेदक द्वारा अपने चयन के **दो कार्य दिवस** के भीतर उप–कंडिका (10.2) (ii) के अनुसार वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग प्रतिभूति के लिए जमा नहीं किया जाता है अथवा अन्य किसी कारण से उसका चयन निरस्त हो जाता है, तो चयन सूची के दूसरे क्रम पर आए आवेदक को संबंधित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान के समूह का आबंटन किया जा सकता है।

**(10.5)** इसी प्रकार यदि दूसरे क्रम के आवेदक के द्वारा भी अपने चयन के **दो कार्य दिवस** के भीतर उप–कंडिका (10.2) (ii) के अनुसार वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग प्रतिभूति के लिए जमा नहीं किया जाता है अथवा अन्य किसी कारण से उसका चयन निरस्त हो जाता है, तो चयन सूची के तीसरे क्रम पर आए आवेदक को संबंधित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान के समूह का आबंटन किया जा सकता है। अन्यथा स्थिति में समूह के पुनर्आबंटन की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

**(10.6)** जिलों में स्थित देशी/विदेशी मदिरा दुकान/दुकानों के समूहों को आवेदन पत्र प्रणाली में आबंटन की कार्यवाही यदि किसी कारणवश नियत तिथि को पूरी नहीं होती है, तो आबंटन हेतु शेष रही दुकानों/समूहों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की **कार्यवाही** आबकारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत उस जिले के कलेक्टर द्वारा आबकारी आयुक्त के परामर्श पश्चात् अन्य घोषित किसी भी दिन की जा सकेगी, जिसके लिए सम्बन्धित जिले के कलेक्टर द्वारा संक्षिप्त विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जावेगा।

**(10.7)** वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों के चयन की सम्पूर्ण कार्यवाही के लिए वीडियोग्राफी कराई जाना आवश्यक रखा गया था, ताकि चयन

के समय या इसके पश्चात् होने वाली शिकायतों आदि की जाँच एवं निराकरण के लिए प्रमाण रखा जा सके। इसके लिए यह निर्धारित किया गया था कि, कलेक्टर द्वारा अपने जिले के लिए नियत तिथि को चयन प्रक्रिया की सम्पूर्ण कार्यवाही के लिए **वीडियोग्राफी** करवाई जावे तथा **वीडियोग्राफी में 4 सी.डी.** तैयार करवाई जावे, जिसमें से एक सी.डी. जिला स्तर पर, एक सी.डी. राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केन्द्र की जिला इकाई में सुरक्षित रखी जाकर तथा 2 सी.डी. मुख्यालय भेजने की व्यवस्था की जाये। **यह व्यवस्था आगामी वर्ष 2016–17 के लिए यथावत् लागू रहेगी।**

**(ब) कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी निकालने की प्रक्रिया** :–

**(10.8)** कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालने के लिए सर्वप्रथम जिले का कोड क्रमांक, जो प्रथम दो अंकों का होगा, इसके बाद समूह का अनुक्रमांक, जो व्दितीय दो अंकों का होगा एव्रं तत्पश्चात् आवेदन क्रमांक, जो **तृतीय पांच अंकों** का होगा, अंकित रहेगा, तदनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों को उनके जिले के नाम के समक्ष दर्शाए अनुसार कोड क्रमांक निम्नानुसार आबंटित किया जाता है :–

| क्रमांक | जिले का नाम | आबंटित कोड नम्बर |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |
| 1. | रायपुर | 01 |
| 2. | दुर्ग | 02 |
| 3. | राजनांदगांव | 03 |
| 4. | धमतरी | 04 |
| 5. | महासमुंद | 05 |
| 6. | कबीरधाम | 06 |
| 7. | बस्तर | 07 |
| 8. | नारायणपुर | 08 |
| 9. | उ.ब.काँकेर | 09 |
| 10. | द.ब.दन्तेवाड़ा | 10 |
| 11. | बीजापुर | 11 |
| 12. | बिलासपुर | 12 |
| 13. | कोरबा | 13 |
| 14. | जांजगीर–चाँपा | 14 |
| 15. | रायगढ़ | 15 |
| 16. | जशपुर | 16 |
| 17. | सरगुजा | 17 |
| 18. | कोरिया | 18 |
| 19. | बालौदाबाजार–भाटापारा | 19 |
| 20. | गरियाबंद | 20 |
| 21. | बालोद | 21 |
| 22. | बेमेतरा | 22 |
| 23. | मुंगेली | 23 |
| 24. | बलरामपुर–रामानुजगंज | 24 |
| 25. | सूरजपुर | 25 |
| 26. | कोंडागांव | 26 |
| 27. | सुकमा | 27 |

**(10.9)** आवेदकों के द्वारा दिए जाने वाले आवेदनों के लिए जिला आबकारी कार्यालय में समूहवार पंजी संधारित की जावेगी। समूहवार संधारित पंजी में प्राप्त आवेदन पत्र पर

पहले जिले का कोड क्रमांक, तत्पश्चात् समूह का अनुक्रमांक फिर प्राप्त आवेदन पत्र का क्रमांक क्रमशः अंकित किया जाकर, आवेदन पत्र के ऊपर दर्शित किया जावेगा।

**(10.10)** आवेदकों के द्वारा आवेदन किये जाने पर उनके आवेदन पत्र के लिए, जो वास्तविक पंजीयन नम्बर (प्राप्ति अभिस्वीकृति) दिया जावेगा, उस वास्तविक पंजीयन नम्बर में जिले का कोड क्रमांक, समूह का अनुक्रमांक एवं आवेदन पत्र का क्रमांक (पंजी में जिस नम्बर में पंजीयन किया जावेगा), जो उस समूह/आवेदक के लिए सम्पूर्ण कोड क्रमांक कहलायेगा, अंकित किया जाकर, वास्तविक पंजीयन नम्बर दिया जावेगा। उदाहरण के लिए किसी जिले का कोड क्रमांक 01, समूह का अनुक्रमांक–07 व आवेदन पत्र का क्रमांक 115 है, तो उसे इस प्रकार अंकित किया जावेगा :–

010700115

**अन्य उदाहरण :–**

051200999

090201121

121908999

**(10.11)** जिन समूहों के लिए एक ही आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, उन समूहों को सर्वप्रथम चयन के लिए घोषित किया जावेगा, तत्पश्चात् जिन समूहों के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, उन समूहों के लिए **बढ़ते क्रम से** प्राप्त आवेदन पत्र अनुसार समूहों के चयन की प्रक्रिया अपनाई जावेगी, अर्थात् जिस समूह में कम आवेदन पत्र रहेंगे, उन समूहों को पहले, इसी प्रकार बढ़ते क्रम के आवेदन पत्रों की संख्या के अनुसार समूहों के चयन की कार्यवाही की जावेगी।

**(10.12)** आपके जिले के लिए लॉटरी निकालने की नियत तिथि के पूर्व समस्त प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची कलेक्टर/जिला आबकारी कार्यालय के सूचना पटल पर सभी आवेदकों के अवलोकन के लिए प्रदर्शित की जावेगी, जिसमें भी उपरोक्तानुसार कोड नम्बरों की जानकारी अंकित रहेगी। लॉटरी निकालने के पूर्व पूर्ण–सूची कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने का उत्तरदायित्व संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी/पदेन, जिला आबकारी अधिकारी का होगा।

**(10.13)** लॉटरी निकालने के दिवस को लॉटरी द्वारा चयन प्रक्रिया के स्थल पर केवल उन्हीं आवेदकों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि को प्रवेश दिया जावे, जिनके पास संबंधित

समूह के लिए किए गए आवेदन पत्र की विधिवत् प्राप्ति अभिस्वीकृति हो।

**(10.14)** उक्त निर्देश की **कंडिका 1** की उप–कंडिका (1.3) के अनुसार एक आवेदक/फर्म/कम्पनी को किसी भी जिले में केवल **दो समूह** की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबंटन किया जा सकता है। अतः इसके लिए यह आवश्यक है कि, सबसे पहले जिन समूहों में कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, पहले उन समूहों के चयन की कार्यवाही की जावे, ताकि पहले घोषित समूहों में यदि किसी आवेदक को दो समूह आबंटित हो जाते हैं, तो अगले समूह के चयन की प्रक्रिया में उसका चयन होने पर विचार करने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होगा तथा अगले क्रम पर आने वाले आवेदक से प्रथम, व्दितीय, तृतीय आवेदक का चयन किया जा सकेगा।

**(10.15)** कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालने में भी नम्बरों का प्रयोग करते समय सर्वप्रथम जिले का कोड क्रमांक, जो प्रथम दो अंकों का होगा, इसके बाद समूह का अनुक्रमांक, जो व्दितीय दो अंकों का होगा एवं तत्पश्चात् आवेदन पत्र क्रमांक, जो **तृतीय पांच अंकों** का होगा, अंकित किया जाकर, लॉटरी निकालने की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। आपके द्वारा यह सुनिश्चित् किया जावे कि, कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालने में आवेदकों के चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे तथा litigation की स्थिति निर्मित न हो। समस्त समूहों के लॉटरी प्रक्रिया का कार्य विवरण तथा उससे संबंधित दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखे जावें। चयन उपरांत चयन की कार्यवाही का विवरण इस कार्यालय को **तीन दिवस के भीतर भेजा जावे**।

**<u>(स) आवेदन पत्र की प्रविष्टि तथा लॉटरी प्रक्रिया</u>** :–

**(10.16)** वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के आबंटन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रविष्टि तथा कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी निकालने के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित् किया जाये :–

**(i)** वर्ष 2016–17 के लिए जिले के समूहों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का सूक्ष्मता पूर्वक परीक्षण किया जाये तथा जो आवेदन पत्र परीक्षण उपरांत निरस्त किये जाते हैं, उनके पर्याप्त कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाये।

**(ii)** परीक्षण उपरांत वैध पाए गए आवेदन पत्रों की सूची निकाली जावे एवं सूचना पटल पर लगाई जावे। तत्पश्चात कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी निकालने के पूर्व **डाटा में किसी तरह की त्रुटि न हो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/ जिला आबकारी अधिकारी/पदेन जिला आबकारी अधिकारी की होगी।**

**(iii)** डाटा एन्ट्री कक्ष में केवल अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी ही प्रवेश कर सकते हैं एवं किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित किया जावे।

(iv) कलेक्टोरेट परिसर, जहाँ पर कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकाली जावेगी, वहाँ कम्प्यूटर से लॉटरी निकालने की प्रक्रिया को सभी आवेदकों की सहूलियत के लिए बड़े परदे पर दिखाया जाये।

(v) चयन के दिन कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी का वास्तविक ड्रा निकालने के पूर्व आवेदकों को ड्रा निकालने संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी जावे एवं उनके समक्ष **छद्म ड्रा (मॉक डिमास्ट्रेशन)**, जितनी बार आवश्यक हो, किन्तु कम से कम **तीन बार** अवश्य कराया जाये, ताकि कोई आवेदनकर्ता संशय की स्थिति में न रहे। इस संबंध में **आबकारी आयुक्त की ओर से आम सूचना भी प्रकाशित की जावेगी**, लेकिन आपके जिले के लिए निर्धारित समय एवं स्थान की सूचना आप पृथक से विज्ञप्ति/विज्ञापन के रूप में जारी करें।

(vi) छद्म ड्रा (मॉक डिमास्ट्रेशन) कराने की प्रक्रिया एवं जितनी बार छद्म ड्रा (मॉक डिमास्ट्रेशन) कराया जाये, उस समय उपस्थित आवेदकों/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यवाही विवरण तैयार किया जावेगा। इसी तरह वास्तविक ड्रा की कार्यवाही का विवरण भी जिस समय प्रक्रिया प्रारम्भ की गई हो, उस समय से प्रक्रिया के अंत तक की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण तैयार किया जावे। यह कार्यवाही विवरण फैक्स/**ई–मेल** द्वारा आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर को उसी दिन अनिवार्य रूप से भेजा जावे।

(vii) प्रत्येक समूह का ड्रा निकालने के पश्चात् उसका प्रिन्ट आउट निकाला जाये तथा उस पर कलेक्टर एवं जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी/पदेन जिला आबकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाये। यदि संबंधित समूह के चयनित आवेदकों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि लॉटरी स्थल पर उपस्थित हों तो, उनके भी हस्ताक्षर लिए जावें। **प्रिन्ट आउट की मूल प्रति सील कर सुरक्षित रखी जावे।**

11/ <u>देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की लायसेंस फीस एवं वसूली</u> :–

(11.1) चयनित आवेदक को माह अप्रैल, 2016 की लायसेंस फीस अनुज्ञप्ति जारी होने के पूर्व अर्थात् 27 मार्च, 2016 तक जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त लायसेंस फीस की राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक अथवा बैंक के कैश आर्डर के रूप में अथवा नगद जमा की जा सकती है। वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के लिए निर्धारित लायसेंस फीस को 12 समान किश्तों में जमा कराने

का प्रावधान यथावत् रहेगा। 12 समान किश्तों में लायसेंस फीस विभाजित न होने पर, अविभाज्य राशि माह अप्रैल, 2016 की लायसेंस फीस में जोड़ी जावेगी। **सामान्य लायसेंस शर्त 2(1) के अनुसार लायसेंस फीस** की मासिक अंशिका माह के प्रथम कार्य दिवस को देय होकर जमा किया जाना अनिवार्य है। यह प्रावधान नियमों में वर्णित है, **किन्तु लायसेंसी को 10 कार्य दिवस का grace period रहेगा।**

**(11.2)** देशी/विदेशी मदिरा समूह के अनुज्ञप्तिधारी से लायसेंस फीस की वसूली को सुनिश्चित् करने के लिए चयनित आवेदक कों निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि प्रतिभूति दिनांक 30 अप्रैल, 2016 तक नगद अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की **बैंक गारंटी** के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। यह प्रतिभूति की राशि सम्बन्धित लायसेंसी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की बकाया न रहने की दशा में **माह मार्च, 2017 की देय मासिक अंशिका** के विरूद्ध समायोजन योग्य होगी।

**12/ <u>देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह हेतु प्रतिभूति जमा</u>** :–

वर्ष 2015–16 के लिए प्रदेश में स्थित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिए प्रतिभूति धनराशि उस दुकान/समूह की **दुकानों की वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग अर्थात् मदिरा दुकानों के समूह/दुकान की एक माह के लिए निर्धारित मदिरा के उठाव की मात्रा के समतुल्य देय ड्यूटी राशि रखी गई थी, जो आगामी वर्ष 2016–17 के लिए यथावत् रहेगी।** चयनित आवेदक को उक्त 1/12 भाग की राशि उसके चयन होने के **दो कार्य दिवस के भीतर** किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक अथवा बैंक के कैश आर्डर के रूप में अथवा नगद जमा करना अनिवार्य होगा, जो सम्बन्धित दुकान/समूह की किसी–भी प्रकार की बकाया न होने की दशा में वापसी योग्य होगी।

**13/ <u>देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह हेतु माहवार न्यूनतम उठाव मात्रा का निर्धारण</u>** :–

वर्ष 2016–17 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों हेतु न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का माहवार उठाव निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्रमांक | माह का नाम | माह हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | |
|---|---|---|---|
| | | देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा (स्प्रिट) | माल्ट मदिरा (बीयर) |
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | अप्रैल | वार्षिक मात्रा का 9% | वार्षिक मात्रा का 15% |
| 2. | मई | वार्षिक मात्रा का 10% | वार्षिक मात्रा का 15% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | जून | वार्षिक मात्रा का 9% | वार्षिक मात्रा का 13% |
| 4. | जुलाई | वार्षिक मात्रा का 7% | वार्षिक मात्रा का 6% |
| 5. | अगस्त | वार्षिक मात्रा का 7% | वार्षिक मात्रा का 6% |
| 6. | सितम्बर | वार्षिक मात्रा का 7% | वार्षिक मात्रा का 6% |
| 7. | अक्टूबर | वार्षिक मात्रा का 8% | वार्षिक मात्रा का 6% |
| 8. | नवम्बर | वार्षिक मात्रा का 8% | वार्षिक मात्रा का 5% |
| 9. | दिसम्बर | वार्षिक मात्रा का 9% | वार्षिक मात्रा का 5% |
| 10. | जनवरी | वार्षिक मात्रा का 9% | वार्षिक मात्रा का 6% |
| 11. | फरवरी | वार्षिक मात्रा का 9% | वार्षिक मात्रा का 9% |
| 12. | मार्च | वार्षिक मात्रा का 8% | वार्षिक मात्रा का 8% |

14/ **भण्डारण–भाण्डागार खोलना/बंद करना** :–

राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार आगामी वर्ष 2016–17 के लिए राज्य के किसी भी जिले में नवीन भण्डारण भांडागार नहीं खोला जावेगा और न ही बंद किया जावेगा।

15/ **सीलबंद बोतलों में देशी मदिरा प्रदाय का अनुपात** :–

(15.1) वर्ष 2016–17 के लिए प्रदेश में स्थित देशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों को भण्डारण भांडागार से बोतल, अद्धा, पाव की शीशीयों में देशी मदिरा का प्रूफ लीटर में प्रदाय का अनुपात वर्ष 2015–16 की भांति 08:22:70 रहेगा।

(15.2) **वर्ष 2015–16 की भांति आगामी वर्ष 2016–17 में फुटकर अनुज्ञप्तिधारक प्रति पेटी मदिरा की निर्धारित कीमत देशी मदिरा के प्रदाय संविदाकार को भुगतान कर संबंधित भण्डारण –भाण्डागार से देशी मदिरा का प्रदाय लेगा।**

(15.3) वर्ष 2010–11 में देशी मदिरा की काँच की बोतलों का विशिष्ट मानकीकरण किया गया है, जिसके तहत काँच की बोतल को गोल आकार (Round shape) में रखा गया है तथा प्रत्येक माप की बोतल में **"छ.ग.आब.दे.म."** तथा बोतल माप जैसे–बोतल में "750 ml", अद्धी में "375 ml." एवं पाव में "180 ml" उत्कीर्ण (Embossed) किया गया है। इसके अतिरिक्त **वर्ष 2015–16 में देशी मदिरा की शीशीयों** में ढक्कन और होलोग्राम के ऊपर **"Plastic trasparent sealing cap"** लगाये जाने का प्रावधान किया गया है जो आगामी वर्ष 2016–17 के लिए **यथावत् रहेगी।**

(16) **देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के लिए अभिकर्ताओं की नियुक्ति** :–

देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के संचालन के लिए लायसेंसियों द्वारा अभिकर्ताओं/नौकरों को रखा जाता है तथा ऐसे अभिकर्ता/नौकर का नौकरनामा संबंधित

जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी/पदेन जिला आबकारी अधिकारी के अनुमोदन से मंजूर किया जाता है। अनुभव में यह आया है कि, लायसेंसियों द्वारा दुकान प्रारम्भ करने के काफी लम्बे समय बाद अभिकर्ताओं/नौकरों की नियुक्ति हेतु आवेदन दिया जाता है, फलस्वरूप उक्त नियमों के उल्लंघन में यद्यपि प्रकरण कायम कर शास्ति अधिरोपित की जाती है, किन्तु यह प्रक्रिया दुकानों के सफल संचालन के लिए उपयुक्त नहीं होने से राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार **वर्ष 2015–16 की तरह आगामी वर्ष 2016–17 में भी** मदिरा दुकानों के प्रारम्भ होने के पूर्व संबंधित चयनित आवेदक द्वारा अपनी देशी अथवा विदेशी मदिरा दुकान के लिए अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी/पदेन जिला आबकारी अधिकारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा संबंधित जिले में विधिवत् कार्यवाही एवं आवश्यक जाँचोपरान्त **फोटोयुक्त नौकरनामा 15 अप्रैल तक मंजूर किये जायेंगे।**

**(17)** <u>निरीक्षण पुस्तिका</u> :–

**(17.1)** छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अन्तर्गत निर्मित सामान्य लायसेंस शर्त क्रमांक 22 में निरीक्षण पुस्तिका रखने के प्रावधान निहित हैं, जिसके अनुसार मदिरा दुकान का लायसेंसी दुकान में एक निरीक्षण पुस्तिका रखेगा और दुकान के निरीक्षण के समय सशक्त अधिकारी के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा।

**(17.2)** छत्तीसगढ़ **आबकारी अधिनियम, 1915** के अंतर्गत निर्मित **सामान्य लायसेंस शर्त क्रमांक 20 में** लेखा पंजी रखने का प्रावधान निहित है, जिसके अनुसार मदिरा दुकान का लायसेंसी, दुकान में लेखा पंजी रखेगा और दुकान के निरीक्षण के समय सशक्त अधिकारी के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा।

**(17.3)** राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार **वर्ष 2015–16 की तरह आगामी वर्ष 2016–17 में भी** मदिरा दुकान के अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उनकी दुकान में मदिरा की प्रारम्भिक बचत, आमद, बिक्री, टूट–फूट एवं अंतिम बचत की मासिक विवरणी, जो देशी मदिरा के लिए मसाला, प्लेन एवं रासी तथा विदेशी मदिरा के लिए ब्राण्ड/लेबलवार होगी, आगामी माह की 05 तारीख तक संबंधित क्षेत्र के वृत्त प्रभारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही ऐसी विवरणी और अन्य सूचनाएँ जो समय–समय पर संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अपेक्षित की जायें, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दी जायेंगी।

**(17.4)** वर्ष 2016–17 का अनुज्ञप्तिधारी, निर्धारित कीमत का भुगतान कर निरीक्षण पुस्तिका एवं लेखा पंजी संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/ जिला

आबकारी अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर, दुकान में संधारित करेंगा।

(18) <u>मदिरा दुकानों के साईन बोर्ड</u> :–

(18.1) छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 के अन्तर्गत देशी मदिरा दुकान हेतु **सी.एस.2घ लायसेंस शर्त 13** एवं विदेशी मदिरा दुकान हेतु **एफ.एल.1घ लायसेंस शर्त 9** में साईनबोर्ड लगाने का प्रावधान है, जिसके अनुसार अनुज्ञप्तिधारी दुकान के प्रवेश द्वार पर एक सहज दृश्य साईनबोर्ड लगायेगा, जिस पर अनुज्ञप्तिधारी का नाम, देशी अथवा विदेशी मदिरा का अनुज्ञप्तिधारी फुटकर विक्रेता, दुकान की अवस्थिति, लायसेंस की अवधि तथा लायसेंस प्राधिकारी द्वारा विहित अन्य सूचनाएं भी मोटे अक्षरों में अंकित की जायेंगी।

(18.2) इस प्रकार देशी मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान हेतु साईनबोर्ड लगाने के प्रावधान हैं, किन्तु साईनबोर्ड के आकार–प्रकार, साईज, लिखावट आदि के संबंध में स्पष्ट व्याख्या न होने से अधिक्रांश लायसेंसी मनमाने तौर पर साईनबोर्ड लगा रहे हैं तथा साईनबोर्ड के साथ–साथ ग्लोसाईनबोर्ड भी लगा रहे हैं, जो प्रचार–प्रसार करने की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

(18.3) राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार, **सी.एस.2घ अनुज्ञप्ति की शर्त क्रमांक 13** में संशोधन कर यह प्रावधान किया गया है कि, अनुज्ञप्तिधारी दुकान के प्रवेश द्वार पर एक सहज दृश्य साईनबोर्ड, जिसका आकार **3 फुट x 2** फुट का होगा, प्रदर्शित करेगा, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी का नाम, दुकान का प्रकार एवं नाम, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, दुकान की अवस्थिति तथा लायसेंस की अवधि एवं **वर्तमान में निर्धारित मदिरा विक्रय दर** अंकित होगी। साईनबोर्ड में लिखावट के लिए **साईनबोर्ड की शीट लाल रंग** एवं **अक्षर सफेद रंग** से अंकित किए जावेंगे। इसी प्रकार **एफ.एल.1घ अनुज्ञप्ति की शर्त क्रमांक 9** में संशोधन कर यह प्रावधान किया गया है कि, अनुज्ञप्तिधारी दुकान के प्रवेश द्वार पर एक सहज दृश्य साईनबोर्ड, जिसका आकार **3 फुट x 2 फुट** का होगा, प्रदर्शित करेगा, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी का नाम, दुकान का प्रकार एवं नाम, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, दुकान की अवस्थिति तथा लायसेंस की अवधि अंकित होगी। साईनबोर्ड में लिखावट के लिए **साईनबोर्ड की शीट लाल रंग** एवं **अक्षर सफेद रंग से अंकित** किए जावेंगे तथा अनुज्ञप्तिधारी दुकान के विक्रय काउंटर पर विदेशी मदिरा की वर्तमान में निर्धारित **न्यूनतम फुटकर विक्रय** दरें एवं **अधिकतम फुटकर विक्रय** दरें **प्रदर्शित** करते हुये एक सहज दृश्य मूल्य तालिका प्रदर्शित करेगा।

(19) <u>वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बचत मदिरा स्कंध को स्थानांतरित/हस्तांतरित करने पर फीस अरोपित करना</u> :–

राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार आगामी वर्ष 2016–17 से अनुज्ञप्तिधारी लायसेंस अवधि की समाप्ति पर देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा के अतिशेष स्टाक के व्ययन (Disposal) के फलस्वरूप, स्थानांतरित/हस्तांतरित की जाने वाली मदिरा की मात्रा पर तत्समय देय ड्यूटी राशि के 10% (दस प्रतिशत) के बराबर, धनराशि का भुगतान करेगा, जिसका समायोजन वित्तीय वर्ष 2016–17 की ड्यूटी राशि/लायसेंस फीस में नहीं किया जावेगा तथा स्थानांतरित/हस्तांतरित की जाने वाली मदिरा की मात्रा का भी समायोजन आगामी वर्ष हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा में नहीं किया जावेगा।

(20) <u>वित्तीय वर्ष में मदिरा दुकान के संचालन के दौरान किसी समूह की एक दुकान से दूसरे दुकान में मदिरा परिवहन की अनुमति</u> :–

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2015–16 में देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के अनुज्ञप्तिधारी को, उसके समूह की किसी मदिरा दुकान में आवश्यकता से अधिक मदिरा की मात्रा संग्रहित होने पर, उसे समूह की उसी प्रकार की अन्य मदिरा दुकान में स्थानांतरित (Transfer) करने की अनुमति निम्नानुसार दर से फीस के भुगतान पर, संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। **जो आगामी वर्ष 2016–17 के लिए यथावत् रहेगें :–**

